India Media Monitor

Virat Vaibhav

Dr . Raghupati Singhania ko ucchtam nagrik samman pradan kiya gaya

Sep 17, 2018 | Delhi | Pg No.: 11 | Middle Right | Bureau | Sq Cm: 106 | AVE: 126694 | PR Value: 633470

डॉ. रघुपति सिंघानिया को उच्चतम नागरिक सम्मान प्रदान किया गया

वैभव न्यूज ■ गुरुग्राम

इंसान को मेहनत करने पर किसी भी क्षेत्र में कामयाबी मिल सकती है। यही बात सिद्ध करती है जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. रघुपति सिंघानिया को मैक्सिको सरकार द्वारा विदेशी नागरिकों के लिये देश के उच्चतम सम्मान 'मैक्सिकन ऑर्डर ऑफइ एजटेक ईगल' से सम्मानित किया गया। मैक्सिको के 128वें राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर भारत में मैक्सिको की राजदूतमेल्बा प्रिया ने मैक्सिको के राष्ट्रपति की ओर से डॉ. सिंघानिया को पुरस्कृत किया। यह शीर्ष सम्मान डॉ. सिंघानिया के नेतृत्व, मानवता के प्रति उनकी उल्लेखनीय सेवाओं और भारत एवं मैक्सिको के बीच द्विपक्षीय संबंधों को सुदृढ़ करने के उनके प्रयासों को दर्शाता है। पुरस्कार प्राप्त करने पर डॉ. सिंघानिया ने कहा कि मेरे लिये यह बेहद सम्मान की बात है कि मेल्बा प्रिया ने मुझे सम्मानित किया। मैक्सिको में निवेश में भारतीय व्यावसायों के बीच रूचि का निर्माण करने में एक प्रमुख भूमिका निभाना मेरे लिये सौभाग्य की बात है। मेरे पास मैक्सिको के तत्कालीन राष्ट्रति फेलिप के साथ टॉर्नेल के बारे में मेरी पहली बातचीत की खुशनुमा यादें हैं। उसके बाद कई बार सरकारों के साथ मेरा संवाद हुआ और यह इतिहास बन चुका है। मैक्सिको सरकार ने वाकई में विदेशी निवेश का खुले हाथों से स्वागत कर व्यावसायों को बढ़ावा दिया है। यह उद्योग की दिशा में मैक्सिको की सरकार के सहयोगी रवैये को दर्शाता है। यह कुछ ऐसा है, जिसकी उम्मीद अन्य देशों से भी की जाती है।